COVID-19 टीकों का विकास किस प्रकार से किया गया था

021621 हिंदी

टीके को विकसित करने में कई वर्ष लग सकते हैं। फिर भी, जिस वायरस के कारण COVID-19 होता है, उसका पता लगने के बाद पहले COVID-19 टीके को एक वर्ष से कम समय में तैयार कर लिया गया। ऐसा कैसे हुआ?

यह जानना महत्वपूर्ण है कि टीकों की जांच करने और उनकी सुरक्षा की जांच करने से जुड़े सभी चरणों को पूरा किया गया। किसी को भी नज़रअंदाज नहीं किया गया।

COVID-19 टीकों को मंजूर करने के लिए, उनकी जांच सभी सामान्य चरणों के अनुसार की जा रही है।

इस बार क्या अलग बात थी?

इस बार, शोधकर्ताओं, संघीय सरकार और निजी कंपनियों के बीच में सहयोग के कारण सामान्य रूप से लगने वाला समय कम लगा है। यहां उन कुछ कारणों का उल्लेख किया गया है कि क्यों COVID-19 टीकों के लिए प्रक्रिया शीघ्रतापूर्वक की गई थी:

- **वैज्ञानिकों ने शुरुआती बढ़त हासिल की थी।** COVID-19 टीके से संबंधित प्रयासों को कोरोनावायरस (विशेष रूप से सार्स और MERS) से संबंधित पूरी दुनिया में इससे पहले किए जा चुके शोध और टीका प्रौद्योगिकी से संबंधित प्रगति से शुरू किया गया।
- **वित्तपोषण उपलब्ध था।** कभी-कभी टीके के अध्ययनों के लिए धन प्राप्त करने में काफी अधिक समय लग जाता है। COVID-19 टीके के लिए, संघीय सरकार ने, टीके से संबंधित प्रयास के वित्त पोषण के लिए तत्काल बहुत अधिक धनराशि उपलब्ध करा दी थी।
- **अध्ययनों में अधिव्याप्ति (ओवरलैप्ड) थी।** शोधकर्ताओं ने एक ही समय पर नैदानिक परीक्षणों के सभी तीन चरणों के लिए लोगों को भर्ती कर लिया। किसी हद तक अतिरिक्त वित्तपोषण के कारण, वे अध्ययन के सभी तीनों चरणों को एक के बाद एक चरण की बजाय, एक साथ संचालित करने में सक्षम हुए थे।
- **उत्पादन की शुरुआत जल्दी की गई थी।** संघीय सरकार से उपलब्ध सहायता के आधार पर, विनिर्माताओं ने नैदानिक परीक्षणों यानी क्लिनिकल ट्रायल्स के जारी रहने के दौरान ही टीकों को तैयार करने और उनकी पैकिंग का काम शुरू कर दिया था।
- **लालफीताशाही की भूमिका कम थी।** नए COVID-19 टीकों का अनुमोदन, खाद्य और दवा प्रशासन (FDA) की तरफ से आपातकालीन इस्तेमाल प्राधिकार (EUA) के अंतर्गत किया गया। इसमें सामान्य अनुमोदन प्रक्रिया की तुलना में बहुत कम समय लगता है। संघीय स्तर पर कार्यरत समूह उन्हें टीकों की समीक्षा करने में किसी भी कारण से देरी करने नहीं दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, FDA ने समीक्षा प्रक्रिया को महीनों से सप्ताहों तक कम करने के लिए बहुत अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति की है।
- **अध्ययन टीके कारगर साबित हुए।** चूंकि COVID-19 इतना अधिक फैला हुआ है, जिससे वैज्ञानिक इस बात को शीघ्रतापूर्वक देख सके कि टीका न लगवाने के कारण बीमार पड़ने वाले लोगों की तुलना में टीका लगवाने वाले कितने लोगों को COVID-19 हुआ।
- **सुरक्षा को वरीयता दी गई।** किसी भी टीके यानी वैक्सीन को केवल तभी अनुमोदित किया जाता है जब अध्ययन यह दर्शाते हैं कि यह सुरक्षित और कारगर है। जैसे-जैसे अधिक लोग टीका लगवाते जाएंगे, FDA और द सेंटर्स फॉर डिसीज़ कंट्रोल (CDC) टीके के बारे में जानकारी एकत्रित करेंगे और यह अध्ययन करना जारी रखेंगे कि वे कितने अच्छे से काम करते हैं।

Multnomah County
Health Department

COVID-19 टीका विकास के चरण

टीके से संबंधित नैदानिक अध्ययन

टीका सुरक्षा डेटा समीक्षा

टीका तैयार किया जा रहा है



शोध
अन्य कोरोनावायरस सबंधित अध्ययनों के आधार पर निर्मित।

चरण 1 नैदानिक अध्ययन
क्या टीका सुरक्षित है?

चरण 2 नैदानिक अध्ययन
क्या टीका काम करता है?

चरण 3 नैदानिक अध्ययन
क्या टीका सुरक्षित है और क्या यह अपना काम करता है?

नैदानिक अध्ययन चरणों में अधिव्याप्ति (ओवरलैप्ड) थी।

FDA समीक्षा
FDA द्वारा डेटा पर विचार किया गया और टीके के इस्तेमाल के लिए आपातकालीन इस्तेमाल प्राधिकार (EUA) प्रदान किया गया।

प्रतिरक्षण प्रथाओं से संबंधित सलाहकार समिति (ACIP) की समीक्षा
किसे टीका प्राप्त करना चाहिए, इसके लिए सिफारिश।

विनिर्माण
फाइज़र और मोडेर्ना द्वारा टीका बनाया जाता है। विनिर्माण का काम पहले ही शुरू किया गया, जबकि समीक्षाएं और अनुमोदन प्रदान किए ही जा रहे थे।

पश्चिमी राज्य वैज्ञानिक सुरक्षा समीक्षा कार्यसमूह
सुरक्षा और प्रभावकारिता की समीक्षा की गई। (ओरेगॉन, वाशिंगटन, कैलिफोर्निया, नवादा)

हमारे पास सीखने के लिए कई और बातें भी हैं

टीकों से संबंधित अध्ययन जारी हैं और हर समय असल दुनिया से प्राप्त होने वाली जानकारी को, हमें जो कुछ भी अध्ययनों से पता है, उसमें शामिल किया जाता है। आज तक के आंकड़ों के आधार पर यह दिखाई देता है कि टीके बहुत सुरक्षित और प्रभावी हैं। अभी भी ऐसी बातें हैं जो हमें COVID-19 टीके के बारे में जाननी हैं:

- टीके से मिलने वाली सुरक्षा कितने समय तक बनी रहेगी?
- क्या ऐसे लोग जिनको टीका लग चुका है, उनके कारण दूसरों को अभी भी यह रोग हो सकता है?
- क्या वायरस में बदलावों का अर्थ यह है कि आने वाले वर्षों में नए टीके विकसित करने होंगे?
- क्या कोई ऐसे अन्य विरल दुष्प्रभाव हैं जिनके बारे में हम तब जानकारी प्राप्त कर पाएंगे जब लाखों लोगों का टीकाकरण कर दिया जाएगा?

ये सभी संगत प्रश्न हैं जिनके लिए और अधिक अध्ययन की आवश्यकता है। लेकिन टीका प्राप्त करने में ये देरी के कारण नहीं हैं, जो कि अभी लोगों के लिए सुरक्षित और प्रभावी है।

यदि आपके प्रश्न हैं या मिश्रित भावनाएं हैं, तो सहायता उपलब्ध है

आप टीकों और COVID-19 से मित्रों और परिवार को सुरक्षित रखने के प्रति आशान्वित हो सकते हैं। आप खुद को टीका लगवाने को लेकर चिंतित हो सकते हैं। यदि आप किसी खास समुदाय (पर्सन ऑफ़ कलर) के व्यक्ति हैं, तो आप सोच सकते हैं कि क्या आप उस चिकित्सा प्रणाली से विकसित टीकों पर भरोसा कर सकते हैं जो आपके समुदाय के भरोसे पर इससे पहले खरी नहीं उतरी थी। चिंताएं होना सामान्य बात है। अधिक जानकारी प्राप्त करें और सहायता पाएं:

- अधिक जानकारी के लिए multco.us/covid-vaccine को देखें।
- अपने डॉक्टर या क्लिनिक से बात करें। यदि आपका कोई डॉक्टर नहीं है, तो 2-1-1 या मल्टनोमेह काउंटी प्राइमरी केयर क्लिनिक्स में बात करें: 503-988-5558
- भावनात्मक सहायता और बचाव रेफरल के लिए ओरेगॉन स्टेटवाइड सेफ + स्ट्रॉन्ग हेल्पलाइन पर कॉल करें या विजिट करें। आपको संकट में पड़ने की ज़रूरत नहीं है। 1-800-923-HELP (4357), linesforlife.org/obhsl/

नवीनतम अपडेट्स के लिए MULTCO.US/COVID19 को देखें

Multnomah County
Health Department